**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**
**03.04.2024/प्रादेशिक समाचार/19:45 बजे**

## "आज के मुख्य समाचार"

- केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा–हिमाचल में मोदी सरकार ने दस वर्षों में सुदृढ़ की रोड़ कनेक्टिविटी।
- मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने कहा–प्रदेश में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए तैयारियां पूर्ण।
- निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे को लेकर कांग्रेस और भाजपा में आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला जारी।
- और
- पहली जून को लोकसभा और विधानसभा के 6 उप–चुनावों के दृष्टिगत प्रदेश में रहेगा राजपत्रित अवकाश।

**अनुराग ठाकुर**

केंद्रीय सूचना व प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में हिमाचल प्रदेश की रोड कनेक्टिविटी में अभूतपूर्व विकास किया है। अनुराग ठाकुर ने कहा की आज हिमाचल प्रदेश में चारों ओर टू लेन और फोर लेन हाईवे बने हैं जिसके कारण हिमाचल में यात्रा का समय पहले के मुकाबले लगभग आधा रह गया है। इससे जनता के पैसे व समय दोनों की बचत हुई है और इसके साथ–साथ पूरे हिमाचल प्रदेश में विकास के एक नए युग की शुरूवात हुई है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने सदैव हिमाचल प्रदेश को अपना दूसरा घर माना है। हिमाचल प्रदेश का विकास उनकी प्राथमिकताओं में हमेशा शीर्ष पर रहा है। इसीलिए एक छोटे पहाड़ी राज्य को पिछले 10 वर्षों में उन्होंने इतना दिया है जो पहले अकल्पनीय था । रेल हो, सड़क हो या हवाई साधन तीनों में हिमाचल प्रदेश आज बेहद उन्नत है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि केवल सड़कों की बात हो तो पिछले 10 वर्षों में मोदी ने हिमाचल को कम से कम 50 हजार करोड़ रूपए से ज्यादा की सड़कों की सौगात दी है। अगले एक वर्ष में हिमाचल की सड़कों पर लगभग एक लाख करोड़ रूपए खर्च किए जाएंगे।

**मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने कहा है कि प्रदेश में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मख्य्र सचिव आज लोकसभा चुनाव व उप–चुनाव के दृष्टिगत देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार द्वारा विभिन्न राज्यों के मुख्य सचिवों व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए आयोजित बैठक बोल रहे थे। प्रबोध सक्सेना ने कहा कि राज्य में किसी भी प्रकार के फर्जी मतदान, अवैध शराब और नशीली दवाईयों के कारोबार को रोकने के लिए विभिन्न प्रवेश द्वारों पर पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था शांतिपूर्ण है और पड़ोसी राज्यों के उपायुक्तों के साथ पहले दौर की बैठकें आयोजित की जा चुकी है। प्रदेश पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू ने वीडियों कॉन्फ्रेंस में चुनाव को लेकर तैयारियों की जानकारी दी।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दस वर्ष का कार्यकाल देश में ऐतिहासिक प्रगति का समय रहा है। उन्होंने आज मंडी में कहा कि इस अवधि में रक्षा से लेकर स्वास्थ्य, विज्ञान और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत ने आग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा  है कि बीते दस वर्षों में भारत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना है और आयात की जगह निर्यात बढ़ रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि अगले पांच सालों में भारत तीन आर्थिक महाशक्तियों में से एक होगा। उन्होंने कहा कि भारत आज आत्मनिर्भरता और विश्व कल्याण के साथ–साथ विकास की गाथा लिख रहा है।

**संजय टंडन**

भाजपा के हिमाचल मामलों के सहप्रभारी संजय टंडन ने दावा किया है कि भाजपा प्रदेश की चारों लोकसभा सीटें बड़े अंतर से जीतेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करेगी। टंडन आज कांगड़ा के नगरोटा सूरिया में ज्वाली मंडल के पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र ने हिमाचल की हर मौके पर मदद की है। उन्होंने कांग्रेस पर केंद्रीय मदद को लेकर लोगों को गुमराह करने का आरोप भी लगया। बैठक में कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेवारियों के बारे में जानकारी दी गई।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि पुस्तकें समाज का दर्पण है और इनसे ज्ञानवर्धन होता है। राज्यपाल आज राजभवन शिमला में प्रोफेसर प्रमोद शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक इंडियाज जी'–20 प्रेजीडेंसी और डॉक्टर किरण चड्डा द्वारा लिखित पुस्तक डलहौजी थ्रू

माई आईज के विमोचन अवसर पर बोल रहे थे। इंडियाज जी–20 प्रेजीडेंसी पुस्तक वर्तमान में उभरते हुए भारत की तस्वीर बयां करती है जबकि डलहौजी थ्रू माई आईज पुस्तक में डलहौजी की धौलाधार पर्वतमाल और पहाड़ियों को जीवंत किया गया है।

**कार्यशाला**

स्वंतत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में मीडिया कर्मियों के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी व ऊना के उपायुक्त जतिन लाल ने ऊना में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मीडिया कर्मियों के लिए आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने और जनता तक सही जानकारी पहुंचाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सहयोग का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान मीडिया की जिम्मेदारी कई गुणा बढ़ जाती है। लाहौल स्पीति के उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल कुमार ने केलंग में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया में बिना प्री–सर्टिफिकेशन के राजनीतिक विज्ञापन प्रकाशित करना गैर कानूनी है। उन्होंने कहा कि एमसीएमसी सेंटर सोशल मीडिया, टीवी चैनलों व समाचार पत्रों में प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों व समाचारों पर कड़ी नजर रख रही है।

**जगत नेगी**

कांग्रेस नेता व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने दावा किया है कि निर्दलीय विधायकों के इस्तीफों के पीछे भाजपा का दबाव व प्रलोभन है। नेगी ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि भाजपा अब इन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे स्वीकार करने के लिए राज्यपाल पर भी दबाव बनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की इस रणनीति से साफ हो गया है कि उसने प्रदेश में कांग्रेस सरकार को गिराने का असफल प्रयास किया। जगत सिंह नेगी ने कहा कि निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे के मामले की विधानसभा अध्यक्ष जांच कर रहे हैं और इसके बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि भाजपा द्वारा सरकार को अस्थिर करने के प्रयास से प्रदेश में विकास कार्य प्रभावित हुए हैं।

**भाजपा**

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष व विधायक हंसराज ने आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार विधायकों के साथ बदले की भावना से काम कर रही है। हंसराज ने आज शिमला में एक

बयान में कहा कि सरकार किसी विधायक के घर का रास्ता रोक रही है तो किसी के कारोबार को हानी पहुंचाई जा रही है और झूठे मामले बनाए जा रहे हैं। उन्होंने सरकारी मशीनरी के दुरूपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश की जनता इसके लिए कांग्रेस को माफ नहीं करेगी। हंसराज ने ये भी कहा कि निर्दलीय विधायकों के त्यागपत्र इसलिए मंजूर नहीं किए जा रहे हैं क्योंकि कांग्रेस को उपचुनाव में सभी 9 सीटें हार जाने का डर है। उन्होंने ये भी कहा कि निर्दलीयों पर भाजपा की ओर से कोई दबाव नहीं है। उन्होंने कहा कि ये विधायक सरकार में घुटन महसूस कर रहे थे इसलिए उन्होंने विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा दिया।

**सुरेश कश्यप**

शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने आज कसौली विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की तकदीर और तस्वीर दोनों बदल दी हैं। उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी महिलाओं के लिए एनडीए सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल में अनेकों क्रांतिकारी निर्णय लिए गए। उन्होंने ये भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व के मानचित्र पर सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है।

भारतीय जनता युवा मोर्चा

भारतीय जनता युवा मोर्चा 6 अप्रैल को भाजपा के 45वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर प्रदेश भर में मंडल स्तर पर बाइक रैलियां निकालेगी। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने कहा कि देश ने भाजपा के शासन में विकास, सुरक्षा, समृद्धि और खुशहाली का एक अविरल सफर तय किया है। भारतीय जनता पार्टी ने व्यावहारिकता ,वास्तविकता व देश की जनता के सहयोग से विकसित भारत की गाथा लिखी है।

**अवकाश**

लोकसभा के आम चुनाव और विधानसभा के छः उपचुनाव के दृष्टिगत प्रदेश में पहली जून को राजपत्रित अवकाश रहेगा। इस संबंध में आज प्रदेश सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार ये अवकाश सवैतनिक होगा और सभी श्रेणी के सरकारी व गैर सरकारी कर्मचारियों पर लागू होगा। अधिसूचना में कहा गया है कि ये अवकाश सीमावर्ती जिलों उना, कांगड़ा, चंबा, सिरमौर, लाहौल स्पिति, शिमला और सोलन जिलों में कार्यरत

पंजाब, उत्तर प्रदेश, लद्दाख व जम्मू कश्मीर व केंद्र शासित प्रदेश चण्डीगढ़ के कर्मचारियों पर भी लागू होगा।

**जैनब चंदेल**

प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष जैनब चंदेल ने मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत पर लोगों की भावनाओं से खेलने का आरोप लगाा है। जैनब चंदेल ने आज शिमला में कहा कि कंगना रनौत आज वोट की खातिर झाड़ू तक लगा रही हैं लेकिन जब हिमाचल पर आपदा आई, तब वह कहां थी। उन्होंने कंगना रनौत को कांग्रेस नेताओं को लेकर आधारहीन बयानबाजी न करने की भी सलाह दी। जैनब चंदेल ने कहा कि पहली बार सक्रिय राजनीति में किस्मत आजमाने के लिए आई कंगना रनौत को मंडी संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए अपने विजन को स्पष्ट करना चाहिए।

**सेब उत्पादक**

हिमाचल प्रदेश सेब उत्पादक संघ के प्रदेश सचिव पूर्ण ठाकुर ने सरकार से राज्य में यूनिवर्सल कार्टन को अनिवार्य रूप से लागू करने और एमआईएस के तहत बागवानों के बकाया का तुरंत भुगतान करने की मांग की है। पूर्ण ठाकुर ने आज शिमला में संघ के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सेब की बागवानी अब घाटे का सौदा हो गई है। उन्होंने केंद्र सरकार से स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को भी लागू करने की मांग की। पूर्ण ठाकुर ने कहा कि सेब बागवानों की मांगों को लेकर संघ जल्द ही केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन शुरू करेगा।

## अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर

- केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा—हिमाचल में मोदी सरकार ने दस वर्षों में सुदृढ़ की रोड़ कनेक्टिविटी।
- मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने कहा—प्रदेश में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए तैयारियां पूर्ण।
- निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे को लेकर कांग्रेस और भाजपा में आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला जारी।

  और
- पहली जून को लोकसभा और विधानसभा के 6 उप—चुनावों के दृष्टिगत प्रदेश में रहेगा राजपत्रित अवकाश।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ– नमस्कार।